12

# बड़की का फीता


9FYS2L



रीतू और उसकी बड़ी बहन बड़की बाजार गई। रीतू ने 3 मीटर और उसकी बहन बड़की ने 5 मीटर फीता खरीदा। उसकी मम्मी ने पूछा – अरे ! तुम लोगों ने फीता खरीदा है। रीतू तुम्हारा फीता कितने मीटर का है ? रीतू ने बताया – 3 मीटर। माँ ने पूछा– बड़की तुम्हारा फीता कितने मीटर का है ? बड़की ने कहा – 5 मीटर। तुम बताओ –

- दोनों ने कुल कितने मीटर फीता खरीदा ? ..............................
- बड़की का फीता रीतू के फीते से कितने मीटर अधिक है ?.......

## आओ देखें




3 मीटर + 5 मीटर = 8 मीटर

इसे ऐसे भी करते हैं –

```
  3 मीटर
+ 5 मीटर
--------
  8 मीटर
```

दोनों ने मिलाकर 8 मीटर फीता खरीदा।

मम्मी ने पूछा, किसका फीता ज्यादा लंबा है ?

रीतू ने कहा मैं बताती हूँ।

5 मीटर − 3 मीटर = 2 मीटर

इसे ऐसे भी कर सकते हैं −





```
  5 मीटर
− 3 मीटर
  2 मीटर
```

बड़की का फीता 2 मीटर अधिक लंबा है, रीतू ने बताया।

## आओ करें

➢ 7 सेमी का रेखाखण्ड खींचो। 5 सेमी का एक दूसरा रेखाखण्ड इसके नीचे खींचो।




दोनों रेखाखण्डों की लंबाई का जोड़ क्या होगा ?

5 सेमी + 7 सेमी = ... सेमी


बड़ा रेखाखण्ड छोटे रेखाखण्ड से कितने सेमी बड़ा है ?

7 सेमी − 5 सेमी= ... सेमी

अब मेज की नाप करो−

- मेज की लंबाई = ..........................................................
- मेज की चौड़ाई = ..........................................................
- मेज की लंबाई + मेज की चौड़ाई = ....................................
- मेज की लंबाई, चौड़ाई से कितनी अधिक है? ...........................।

## अभ्यास



1. जोड़ो −

25 मी + 13 मी = ...........

14 मी + 16 मी = ...........

32 सेमी + 11 सेमी = ...........

2. घटाओ −

| 16 मी | 37 मी | 45 सेमी | 78 सेमी |
|---|---|---|---|
| −4 मी | −23 मी | −20 सेमी | − 51 सेमी |
| ______ | ______ | ______ | ______ |


3. एक चींटी पटरी पर 4 सेमी के निशान से 10 सेमी के निशान तक चली। चींटी कितने सेमी चली ?



4. एक किताब की मोटाई 3 सेमी और दूसरी किताब की मोटाई 2 सेमी है। दोनों किताबों की कुल मोटाई कितनी है ?

5. मोनी का फीता 7 मीटर और सलोनी का फीता 3 मीटर का है। मोनी का फीता कितना अधिक लंबा है ?

## कितना सीखा ?



1. चित्र देखकर बताओ –
   - क. आकृति में कितने वर्ग हैं ?
   - ख. आकृति में कितने आयत हैं ?
   - ग. आकृति में कितने त्रिभुज हैं ?
   - घ. आकृति में कितने वृत्त हैं ?
2. कितने सिक्के मिलाकर दस रुपये होंगे –
   - (क) 1 रुपये के सिक्के
   - (ख) 2 रुपये के सिक्के
   - (ग) 5 रुपये के सिक्के
3. नीचे वस्तुओं के साथ उनका मूल्य लिखा है –

| कॉपी | पेंसिल | रबर | कलम |
|---|---|---|---|
| 20 रुपये | 3 रुपये | 2 रुपये | 5 रुपये |

➤ अब बताओ –
   - क. एक कॉपी तथा एक कलम का मूल्य।
   - ख. 2 पेंसिल का मूल्य।
   - ग. 2 पेंसिल तथा 2 रबर का मूल्य।
   - घ. 1 कॉपी, 2 पेंसिल तथा 3 रबर का मूल्य।
   - च. 4 कॉपी तथा 2 पेंसिल का मूल्य।
   - छ. 1 कॉपी, 4 रबर तथा 3 पेंसिल का मूल्य।

4. किरण ने 14 रुपये का सामान खरीदा। उसने दुकानदार को 20 रुपये का नोट दिया। दुकानदार ने उसे कितने रुपये वापस किए?
5. खाली जगह भरो –

| | | | |
|---|---|---|---|
| क. 1 मीटर | = | ................ | सेमी |
| ख. 3 मीटर | = | ................ | सेमी |
| ग. कॉपी की लंबाई | = | ................ | सेमी |
| घ. पेंसिल की लंबाई | = | ................ | सेमी |

6. शीला की एक फ्रॉक में 2 मीटर कपड़ा लगता है। उसकी 4 फ्रॉक में कितना कपड़ा लगेगा ?
7. एक बाँस 12 मीटर लंबा है। इसमें से चार–चार मीटर के कितने टुकड़े बनेंगे ?
8. जोड़ पूरा करो –

| | |
|---|---|
| क. 10 मीटर + ............ मीटर | = 15 मीटर |
| ख. 4 मीटर + 7 मीटर + 8 मीटर | = ......मीटर |

9. तीन छात्रों के पास 12 मीटर, 8 मीटर तथा 16 मीटर लंबी रस्सियाँ है। उनके पास कुल कितने मीटर रस्सी है ?